तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

12 राजस्व पखवाड़ाः 2261 आवेदनों में से 1517 प्रकरणों ...

11 केंवट नवागांव-गोडमर्रा क्षेत्र की सड़कें ...




## खबर संक्षेप

### पांडुलिपि सर्वेक्षण अभियान को लेकर जिला पंचायत में बैठक

**बालोद।** डिप्टी कलेक्टर एवं सहायक नोडल अधिकारी पुरात्व ने बताया कि पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय रायपुर के निर्देशानुसार राष्ट्रव्यापी अभियान के प्रदेश में सुचारू संचालन हेतु ज्ञानभारतम और छत्तीसगढ़ शासन के मध्य एम.ओ.यू. संपन्न हुआ है। जिसके आधार पर भारत सरकार संस्कृति मंत्रलय द्वारा राज्य में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्वयन तथा पाण्डुलिपियों की पहचान एवं दस्तावेजीकरण गतिविधियों संचालित किया जाना है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के सुचारू संचालन हेतु जिला पंचायत के मुख्यकार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी की अध्यक्षता में 08 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई थी।

### बासीन में बिलासा जयंती एवं वार्षिक अधिवेशन आज

**गुरूर।** छ.ग. निशाद केंवट समाज परिक्षेत्र बासीन तहसील गुरूर द्वारा बिलासा जयंती एवं वार्शिक अधिवेशन का आयोजन 09 अप्रैल को राम जानकी मंदिर प्रांगण बासीन में आयोजित की गई है। जिसमे सुबह 9 बजे पूजा अर्चना, दोपहर 12 बजे अतिथि स्वागत एवं उद्बोधन, दोपहर 3 बजे अन्य कार्यक्रम संपन्न होगा। जिसमे मुख्य अतिथि अध्यक्ष तहसील निशाद समाज गुरूर टीआर निशाद रहेंगे। अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र निशाद समाज बासीन गोपाल राम निशाद करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर तोशण साहू, महामंत्री भाजपा मंडल सनौद डीआर हिरवानी, सरपंच ग्राम पंचायत बासीन छगन लाल गजपाल, विशिष्ट अतिथि उपसरपंच ग्राम पंचायत बासीन लखन लाल साहू, अध्यक्ष ग्राम विकास समिति बासीन निरूप राम साहू, अध्यक्ष ग्रामीण साहू समाज बासीन तिलक राम साहू, पूर्व उपसरपंच ग्राम पंचायत बासीन भागवत राम निशाद तथा ग्रामीण उपस्थित रहेंगे।

### भुगतान में देरी से गन्ना किसानों में मायूसी

**बालोद/कलंगपुर।** गन्ना कृषकों को समय पर राशि भुगतान नहीं होने से किसानों को अब गन्ना



फसल की खेती करने का इच्छा नहीं रहा। जिले के मां दंतेश्वरी शक्कर कारखाना के पूर्व अध्यक्ष ग्राम पेन्डरी निवासी बल्दूराम साहू ने कहा कि अभी वर्तमान में गन्ना कटने व बेचने के तीन माह बीत जाने के बाद भी अब तक किसानों को उनके गन्ने की भुगतान नहीं हुआ है। जिससे किसानों में मायूसी छाई हुई है। पूर्व अध्यक्ष साहू ने बताया कि शासन ने गन्ना कटाई के 15 दिन के भीतर 80 प्रतिशत राशि भुगतान करने की बात कही थी।

# हरिभूमि की खबर का असर: बस स्टैंड का वाटर एटीएम दुरुस्त, राहगीरों को मिली राहत

## सीएमओ सीमा बक्शी ने किया निरीक्षण, तत्काल कराया मरम्मत कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

गर्मी की दस्तक के साथ ही शहर में पेयजल व्यवस्था को लेकर सक्रियता तेज हो गई है। बस स्टैंड परिसर में आम नागरिकों और राहगीरों की सुविधा के लिए लगाए गए वाटर एटीएम के निरीक्षण के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी मौके पर पहुंचीं। निरीक्षण के दौरान नलों में पानी के प्रवाह में आई कमी को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पेयजल विभाग की टीम को बुलाया गया और तकनीकी जांच के बाद मरम्मत कार्य कराकर वाटर एटीएम को पुनः सुचारु रूप से चालू कराया गया। हरिभूमि में प्रकाशित खबर के बाद नगरपालिका की त्वरित कार्रवाई ने यह साबित कर दिया कि जनहित के मुद्दों पर प्रशासन सजग है। वाटर एटीएम के चालू होने से अब बस स्टैंड पर आने-जाने वाले लोगों को मुफ्त एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा, जिससे उन्हें बोतलबंद पानी खरीदने की मजबूरी नहीं रहेगी।

निरीक्षण और सुधार कार्य के दौरान स्वच्छता प्रभारी सतीश चंद्राकर, भंडार प्रभारी पंकज चंद्राकर तथा पेयजल विभाग के मिथिलेश ठाकुर सहित तकनीकी टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही। टीम ने मशीनों की बारीकी से जांच कर आवश्यक सुधार किए और भविष्य में किसी ▶▶| शेष पेज 11 पर

खबर का असर


एटीएम बंद, भीषण गर्मी में नहीं बुझ रही है प्यास
लाखों की वाटर एटीएम योजना फेल, पेयजल के भटक रहे हैं लोग



### कार्रवाई का स्वागत

स्थानीय नागरिकों ने भी इस त्वरित कार्रवाई का स्वागत किया। बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों और दुकानदारों ने कहा कि लंबे समय से वाटर एटीएम बंद रहने से परेशानी हो रही थी, लेकिन अब इसके चालू होने से बड़ी राहत मिली है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह जनहित के मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई होती रहेगी। नगरपालिका द्वारा की गई इस पहल को दल्लीराजहरा शहर में सकारात्मक कदम के रूप में देखा जा रहा है, जो न केवल प्रशासन की संवेदनशीलता को दर्शाता है बल्कि जनसुविधाओं के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करता है।

## फागुनदाह और उसरवारा पंचायत उधारी के भवनों में वर्षों से संचालित, अभी भी राह नहीं

# विडंबनाः राशि स्वीकृत भी हुई पर आज तक भवन का निर्माण नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

यह कैसा विकास जहां विकास की जिम्मेदारी निभाने वाली पंचायत को अपने ही भवन के लिए वर्शो से चप्पले घिसनी पड़ रही है, सरकारे बदलती रही लेकिन इंतजार खत्म नही हुआ। जिन पंचायतो में ग्राम विकास की जिम्मेदारी है वे स्वयं के भवन के लिए दर दर ठोकरे खा रहे है। सरकार दर सरकार बदलती रही लेकिन इन पंचायतो की तकदीर नही बदली और आज भी पंचायते उधारी के भवनो में कार्य कर रही है।

ग्राम फागुनदाह जो कभी जिले में राजनीति का प्रमुख केन्द्र रहा। आज वहां की पंचायत बीते 10 सालो से स्कूल भवन से चल रही है। इस ग्राम ने विधायक, जिला पंचायत जैसे कई जनप्रतिनिधि दिए है, लेकिन आज एक दशक से अधिक समय से स्वयं के भवन के लिए तहसील से लेकर प्रदेश स्तर तक पंचायत प्रतिनिधि चक्कर काट रहे है। ग्राम पंचायत ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार, कांग्रेस सरकार एवं अब वर्तमान भाजपा सरकार मे पंचायत भवन के लिए एंड़ी चोटी का जोर लगा दिया लेकिन आज भी 3500 की आबादी के सुख सुविधा का कार्य उधारी के भवन में हो रहा है। पंचायत प्रतिनिधियो ने स्वीकृति सिस्टम का भी पालन किया पर भवन नही मिल सका। यही स्थिति फागुनदाह से महज 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत उसरवारा का है, यहां का पंचायत भवन तो बीते दो दशक से जर्जर है। कुछ सालो तक पंचायत जर्जर भवन मे कार्य करती रही, लेकिन जब भवन खतरनाक स्थिति में आ गया तब पंचायत को पूर्व माध्यमिक शाला के कमरो में स्थानांतरित कर दिया गया। जहां बीते 15 सालो से पंचायत भवन संचालित है। बीते 15 सालो में 3 सरकारे बन गई, लेकिन पंचायत का भवन नही बना। बताते है कि यहां के पूर्व सरपंच ने तो पंचायत भवन नही बनता देखकर दलालो का सहारा लिया। पंचायत के लिए स्वीकृति राशि भी दी, उसके बाद भी पंचायत भवन नही बना।




### सुविधा युक्त पंचायत भवन कब मिलेगा?

उसरवारा में जहां पंचायत कार्यालय चलता है वह पूर्व माध्यमिक शाला परिसर है, स्कूल के समय मैदान में बच्चे खेलते है, पंचायत आने जाने वाले ग्रामीण अधिकारियो के वाहन की चपेट में बच्चो के आने का खतरा लगातार बना रहता है। पंचायत एवं ग्रामीण सभी हताश है, पता नही कब उन्हे सुविधा युक्त पंचायत भवन मिलेगा, जहां बैठकर पंचायत प्रतिनिधि बैठकर ग्राम के विकास का ताना बाना बुन सकेंगे।

## मटकों से होगी पौधों की सिंचाई

# जिला प्रशासन की अनूठी पहल 3800 पौधों को मिलेगा संरक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- पारंपरिक तकनीक से नवरोपित पौधों के संरक्षण की पहल

ग्रीष्म ऋतु के दौरान नव–रोपित पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बालोद जिला प्रशासन ने एक बेहद सराहनीय और पारंपरिक तकनीक को अपनाया है।

अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में 2600 एवं अन्य क्षेत्रें में 1200 सहित कुल 3800 पौधों को सूखने से बचाने के लिए अब मिट्टी के घड़ों (मटकों) का उपयोग किया जा रहा है। जिला प्रशासन की इस पहल के तहत प्रत्येक पौधे के पास जमीन में एक मिट्टी का घड़ा दबाया गया है। इस तकनीक के माध्यम से घड़े के सूक्ष्म छिद्रों से पानी धीरे–धीरे रिसकर सीधे पौधों की जड़ों तक पहुँचता है। इससे तेज धूप में भी जमीन के अंदर नमी बरकरार रहती है और पानी का वाष्पीकरण कम होता है। इसके साथ ही सीधे पाइप या बाल्टी से पानी देने की तुलना में इस विधि में पानी की बर्बादी भी बहुत कम होती है। जिला प्रशासन का उद्देश्य न केवल पौधारोपण करना है, बल्कि लगाए गए पौधों का संरक्षण सुनिश्चित करना भी है।

### आईआईटी भिलाई के विशेषज्ञ करेंगे सर्वे, 15 दिन में मांगी रिपोर्ट

# तांदुला जलाशय के जीर्णोद्धार के लिए कलेक्टर ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- नदी क्षेत्र के विकास और पर्यावरण संतुलन पर विशेष जोर

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार शीघ्र ही बालोद जिले के जीवनदायिनी तांदुला नदी पर स्थित तांदुला जलाशय से लेकर बालोद शहर, ग्राम सिवनी एवं हीरापुर एनीकट तक के तांदुला नदी के क्षेत्र का जीर्णोद्धार किया जाएगा।

बालोद जिला प्रशासन द्वारा इस दिशा में कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आईआईटी भिलाई के विषय विशेषज्ञों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर तांदुला जलाशय से लेकर जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम सिवनी में स्थित एनिकट तक के तांदुला नदी के क्षेत्र का सौंदयऍकरण, जलकुंभी हटाने के कार्य तथा रेत भराव एवं नदी से अतिक्रमण हटाने के अलावा वाटर रिचार्ज के स्थाई उपायों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मिश्रा ने आईआईटी भिलाई के विषय विशेषज्ञों एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को 15 दिवस के भीतर संबंधित स्थल का सर्वे कर तत्काल रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। जिससे कि तांदुला नदी के इस क्षेत्र के जीर्णोद्धार के कार्य को शीघ्र प्रारंभ किया जा सके। बैठक में तांदुला जलाशय से लेकर हीरापुर एनिकट तक के नदी क्षेत्र से जलकुंभी हटाने, रेतभराव को रोकने तथा अतिक्रमण हटाने एवं वाटर रिचार्ज के स्थाई उपायों के संबंध में गहन मंथन किया गया।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 930 पर गुणवत्ताहीन निर्माण से बढ़ा हादसे का खतरा, करियाटोला पुल के पास सड़क धंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

- मानकों की अनदेखी, मुरूम मिट्टी में रोलर नहीं चलाने से धंसी सड़क

राष्ट्रीय राजमार्ग 930 के अंतर्गत सड़क चौड़ीकरण और उन्नयन कार्य में कथित लापरवाही के चलते करियाटोला पुल के पास सड़क की स्थिति चिंताजनक हो गई है। सड़क किनारे लगाए गए स्टॉपर प्लेट के आसपास किए गए सिमेंटीकरण में लंबी दरारें उभर आई हैं, जिससे कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की आशंका बढ़ गई है।

इसके साथ ही डामरीकृत सड़क भी कई स्थानों पर दबने लगी है और दरारें दिखाई दे रही हैं।ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण के दौरान किनारों पर डाली गई मुरूम मिट्टी में मानकों के अनुरूप रोलर नहीं चलाया गया, जिससे मिट्टी बह गई और नीचे का हिस्सा खोखला हो गया। बाद में सिमेंट की मोटी परत डालकर लीपापोती कर दी गई, लेकिन सड़क की स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे स्पष्ट है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का पर्याप्त ध्यान नहीं रखा गया। करियाटोला मुख्य मार्ग में नदी पर बनाए गए बड़े पुल के पास गांव की ओर जाने के लिए अस्थायी सड़क का निर्माण किया गया था। मुख्य मार्ग की ऊंचाई अधिक होने के कारण मिट्टी-मुरूम डालकर अस्थायी मार्ग बनाया गया, जिस पर गिट्टी डालकर डामरीकरण किया गया था।



यह सड़क भी अब दब चुकी है और क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे ग्रामीणों के आवागमन में परेशानी हो रही है तथा आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। पूर्व सरपंच गणेश सेवता ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान ही ग्रामीणों ने तत्कालीन कलेक्टर को आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया था। उस समय राष्ट्रीय राजमार्ग अधिकारियों ने सर्विस सड़क बनाने के लिए जमीन अधिग्रहण सहित प्रस्ताव भेजने की बात कही थी और अस्थायी सड़क बनाने का आश्वासन दिया था। अस्थायी सड़क तो बना दी गई, लेकिन स्थायी सर्विस सड़क का निर्माण अब तक नहीं हो सका। पूर्व जनपद सदस्य ने भी निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए बताया कि पहले भी शिकायत की गई थी, लेकिन अधिकारियों की उदासीनता के कारण निर्माण एजेंसी मनमर्जी से कार्य करती रही। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से सड़क की तत्काल मरम्मत और स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से बचा जा सके।

## हितग्राहियों को दी गई योजनाओं की जानकारी

# ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव, रोजगार और आवास दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायतों में चावल महोत्सव के साथ रोजगार दिवस एवं आवास दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं महात्मा गांधी नरेगा योजना से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई तथा लंबित समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए गए।

जनपद पंचायत गुण्डरदेही के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में हितग्राहियों को योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृत आवासों की प्रगति की समीक्षा की गई तथा जिन हितग्राहियों के आवास निर्माण लंबित थे, उन्हें शीघ्र आवास निर्माण करने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों–कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।




इसके साथ ही पूर्ण आवास के हितग्राहियों को आवास पूर्णता उपरांत 05 हितग्राहियों प्रतीकात्मक चाबी का भी वितरण किया गया। रोजगार दिवस के अवसर पर मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों की जानकारी प्रदान की गई तथा अधिक से अधिक ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु नए कार्य प्रस्तावित करने पर जोर दिया गया। ग्रामीणों को मनरेगा में पंजीयन, जॉब कार्ड, मजदूरी भुगतान एवं अन्य प्रक्रियाओं के संबंध में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल संरक्षण एवं जल संवर्धन को बढ़ावा देने के लिए निर्मित हो रहे आवासों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के निर्माण पर भी जोर दिया गया, जिससे कि भूमिगत जलस्त्रेत में बढ़ोतरी हो एवं उपयुक्त स्थानों पर क्यूआर कोड के माध्यम से योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने की पहल की गई।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप

### पांच वारंटी गिरफ्तार

**भिलाई।** लंबे समय से फरार चल रहे स्थायी वारंटियों को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि थाना छावनी के न्यायालय से जारी स्थाई गिरफ्तारी वारंटों की तामीली के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत फरार वारंटियों की लगातार तलाश कर चिन्हित किया गया। पुलिस टीम द्वारा प्रभावी कार्रवाई के कुल 4 वारंटियों को पकड़ा गया है। जिसमें विवेकानंद नगर नंदनी रोड निवासी रूद्र अभिषेक पासवान, सर्कुलर मार्केट कैम्प 02 मुकेश तिवारी उर्फ पप्पू तिवारी, दिनेश कुमार महाजन, कैम्प 1 भिलाई संदीप दीप शामिल हैं। उप निरीक्षक अमित अंदानी की भूमिका सराहनीय रही।

### ट्रक से मोबाइल पार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई।** ट्रक से मोबाइल पार करने के मामले में पुलिस ने एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि पावर हाउस बस स्टैंड, भिलाई में रात समय ट्रक चालक दुलार सिंह ठाकुर ट्रक खड़ा कर पानी लेने जाने के दौरान स्वीपर मोहल्ला निवासी एस जोसेफ ने ट्रक में रखे मोबाइल फोन की चोरी कर ली। पीड़ित द्वारा विरोध करने पर आरोपियों द्वारा धारदार हथियार, डंडा लहराते हुए उसे डराकर मौके से फरार हो गए। आरोपी से मोबाइल, एक धारदार हथियार भी जब्त किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। घटना छावनी थाना क्षेत्र का है। कार्रवाई में प्रभारी अमित अंदानी समेत उनकी टीम का योगदान था।

### शारदा पारा तालाब में डूबे व्यक्ति की खोजबीन जारी

**भिलाई।** तालाब नहाने गए एक व्यक्ति की डूब गया। उसकी खोजबीन जारी है। छावनी थाना प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि कैम्प 2 वार्ड-35 निवासी संतोष यादव उर्फ पोपू अपने घर से कैम्प 2 स्थित शारदा पारा तालाब नहाने गया था। बुधवार को तालाब में डूब गया। सूचना पर पुलिस व एसडीआरएफ, गोताखोरों को बुलाया गया है। जिसकी खोजबीन की जा रही है। संतोष की उम्र 40 वर्ष है, हमाली का काम करता है। संतोष शाम 4 बजे तालाब में नहाने गया था। नहाते समय अचानक गहरे पानी में चले जाने से संतोष डूब गया। आसपास में मौजूद लोगों ने जब उसे नहीं दिखा तो तलाश करना शुरू कर दी। कुछ देर बाद घटना की सूचना परिजनों को दी गई। देर रात तक व्यक्ति के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। बहरहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कांग्रेसी पार्षद का बेटा जुआ खेलते रायपुर में पकड़ाया



**भिलाई।** कांग्रेसी पार्षद का पुत्र जुआ खेलते रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक धमतरी-रायपुर बॉर्डर पर चल रहे जुए के फड़ पर पुलिस ने दबिश दी। थाना अभनपुर के ग्राम टोकरो के पास खेतों में जुए का फड़ संचालित हो रहा था। पुलिस ने दबिश देकर सेक्टर-10 निवासी राहुल सिंह और उसके दोस्त रायपुर निवासी रितेश कुमार को पकड़ा गया है। पुलिस ने 6 लाख 34 हजार कैश और कार बरामद किया है। 6 अप्रैल को पुलिस को मुखबिर ने सूचना दिया कि टोकरो और मानिकचौरी गांव के बीच मेन रोड से करीब एक किलोमीटर अंदर खेतों में जुआ खेला जा रहा है। पुलिस टीम पहुंची और दबिश देकर पकड़ा लगया। पुलिस को देखते ही करीब 15 जुआरी भागने में सफल रहे। पुलिस ने पीछा कर दो राहुल सिंह और रितेश को पकड़ लिया। राहुल सिंह कांग्रेस नेत्री सुभद्रा सिंह का बेटा है। पुलिस के मुताबिक रायपुर-धमतरी बॉर्डर पर जुआ खिलाए जाने की जानकारी पर दबिश दिया गया। इससे पहले कई आरोपी फरार हो गए। राहुल सिंह के खिलाफ भिलाई में भी कई मामले दर्ज है।

## पीएम राहत योजना : निजी और सरकारी अस्पतालों में कैशलेस सुविधा

# सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिल रहा नया जीवन 20 दिनों में 4 मरीजों का निःशुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिला प्रशासन की पहल पर शुरु की गई पीएम राहत योजना बालोद जिले के सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से जिले के सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित को चिन्हित अस्पतालों में त्वरित और पूरी तरह कैशलेस (निःशुल्क) इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक योगेश कुमार पटेल के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन और पुलिस विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना के पीड़िता को त्वरित चिकित्सा सहायता और पीएम राहत योजना के तहत वित्तीय सुरक्षा प्रदान कर कीमती जान बचाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। हाल ही में घटित अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पुलिस की तत्परता, योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और डिजिटल तकनीक (ई-डार पोर्टल) के समन्वय से पीड़ितों को निशुल्क इलाज मिलना सुनिश्चित हुआ है। इस मामले में पुलिस की तत्परता और योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से कीमती जान बचाने और उसे बेहतर उपचार दिलाने में सफलता मिली है। पीएम राहत योजना अंतर्गत बालोद जिले में 04 जिंदगियों को नया जीवन मिला है। पिछले 20 दिनों में बालोद पुलिस और प्रशासन की तत्परता से 04 गंभीर सड़क दुर्घटना पीड़ितों को ई-डार पोर्टल और पीएम राहत योजना के तहत कैशलेस (निःशुल्क) उपचार प्रदान किया गया है। जिसमें 15 मार्च को बस-ट्रक टक्कर में अज्ञात यात्री के गंभीर चोट का इलाज, 01 अप्रैल को 12 वर्ष के सूर्यकांत ठाकुर के पैर में गंभीर चोट, 05 अप्रैल को महेश कुमार साहू के जबड़े में फ्रेक्चर एवं 06 अप्रैल को शेखसमीर के कलाई में फ्रेक्चर का पीएम राहत योजना के तहत निःशुल्क उपचार किया गया। उल्लेखनीय है कि पीएम राहत योजना डिजिटल इंडिया और स्वास्थ्य सुरक्षा का अनूठा संगम है।

जिसमें गोल्डन ऑबर सहायता अंतर्गत पुलिस द्वारा पीडित को तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाना। ई-डार पोर्टल अंतर्गत दुर्घटना स्थल पर ही फील्ड ऑफिसर द्वारा डिजिटल आईडी जनरेट करना। टीएमएस 2.0 मैपिंग अंतर्गत निजी एवं सरकारी अस्पतालों में बिना किसी अग्रिम भुगतान के इलाज एवं प्रशासन द्वारा 24 घंटे के भीतर उपचार की अनुमति प्रदान करना है।

- गोल्डन ऑवर में इलाज से बच रही कीमती जानें
- धन के अभाव में कोई इलाज से वंचित नहीं रहेगा - कलेक्टर

**योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित को जीवन सुरक्षा प्रदान करना**

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि पीएम राहत योजना का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित को जीवन सुरक्षा प्रदान करना है। हमारा लक्ष्य है कि जिले का कोई भी नागरिक धन के अभाव में बेहतर इलाज से वंचित न रहे। अब तक कई मरीजों ने इस योजना का लाभ उठाकर नया जीवन प्राप्त किया है। उन्होंने इस मॉडल की सराहना करते हुए कहा कि डिजिटल ट्रैकिंग और कैशलेस स्वास्थ्य योजनाओं का यह संगम बालोद जिले के लिए एक मिसाल है। जिला प्रशासन बालोद सभी नागरिकों से अपील करता है कि सड़क पर सावधानी बरतें। सुरक्षित वाहन चलाएं। दुर्घटना की स्थिति में घबराएं नहीं, पुलिस और प्रशासन आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर है। पीएम राहत और ईडार पोर्टल जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं यह सुनिश्चित कर रही है कि घायल व्यक्ति को 'गोल्डन ऑवर' में इलाज मिले और धन की कमी आए न आए। प्रशासन की यह सुदृढ व्यवस्था आपके और आपके अपनों की जान बचाने के लिए चौबीसों घंटे सक्रिय है। उन्होंने इस जनकल्याणकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने और सड़क दुर्घटनाओं में पीड़ित मरीज या उनके परिजन स्वास्थ्य संबंधी किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नंबर या संबंधित नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर संपर्क करें। सड़क दुर्घटना की स्थिति में नागरिकों से अनुरोध है कि वे पीएम राहत योजना का लाभ उठाने एम्बुलेंस/चिकित्सा आपातकालीन सेवा 108 एवं पुलिस नियंत्रण कक्ष 112 एवं 100 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।



## मंडल देवरी में भाजपा का स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

मंडल देवरी के अंतर्गत ग्राम जेवरतला में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विवेक वैष्णव ने स्थापना दिवस पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना अंत्योदय के सिद्धांत, राष्ट्र सेवा और "सेवा ही संगठन" की भावना को आत्मसात करने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, कुशाभाऊ ठाकरे और मुरली मनोहर जोशी जैसे नेताओं के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि आज केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन और जनसेवा की इसी भावना के साथ कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी ने किसानों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। वहीं जिला पंचायत सदस्य प्रभाराम नायक ने त्रिस्तरीय पंचायत योजनाओं के साथ-साथ महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और आरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रभाराम नायक, मंडल उपाध्यक्ष रामलाल नायक, उत्तम साहू, महामंत्री राधेश्याम देवांगन, यादराम सिन्हा, लालेन्द्र भरद्वाज, जयपाल साहू, जागेश्वर साहू, ईवन साहू, दुर्गा प्रसाद, तोरन साहू, खुबलाल साहू, तामेश्वर सिंह चुरेंद्र, राधूराम, ढालसिंह हिरवानी, नरेन्द्र साहू, गिरधारी साहू, दीनदयाल सहित मंडल के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं बूथ समिति के अध्यक्ष उपस्थित हुए।

## भाजपा स्थापना दिवस पर अर्जुन्दा मंडल में संगोष्ठी

### कार्यकर्ताओं को दिया संगठन विस्तार का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अर्जुन्दा





भाजपा मंडल अर्जुन्दा द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर कर्म भवन अर्जुनी टिकरी में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जिला सहकारी केंद्रीय बैंक उपाध्यक्ष नरेश यदु, जिला भाजपा उपाध्यक्ष पवन सोनवर्षा, मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रहास देवांगन, मंडल उपाध्यक्ष दौलत देशमुख, कोषाध्यक्ष प्रदीप साहू, महामंत्री गुमान यादव ने कार्यकर्ताओं के साथ भारत माता, डॉ श्यामा प्रसाद मुखजएँ, पंडितदीनदयाल उपाध्याय, पंडित अटल बिहारी वाजपेई के तेलचित्र पर पूजा अर्चना की।

भाजपा मंडल अध्यक्ष विश्वास जीतू गुप्ता ने भाजपा की शून्य से शिखर तक की यात्र को याद करते हुए अटल जी कविता अंधेरा छटेगा, सूरज निकलेगा, कमल खिलेगा, के ध्येय वाक्य को याद किया। गुप्ता ने कार्यकर्ताओं से 7 अप्रैल से 12 अप्रैल तक गांव चलो बस्ती चलो अभियान के विषय में चर्चा करते हुवे प्रत्येक कार्यकर्ताओं को इस अभियान में अपनी सहभागिता प्रदान करने का निवेदन किया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष नरेश यदु ने स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकर्ताओं को भाजपा के प्रतिकूल परिस्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि दल के संस्थापक सदस्यों ने राष्ट्रवाद का बीज कार्यकर्ताओं के मन में बोया था, आज यही कारण है कि हमारी विचारधारा की लड़ाई में हमे देश की जनता ने स्वीकारा है। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक प्रभारी, समस्त मोर्चा अध्यक्ष सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## भांठागांव आर में मंडल कांग्रेस की समीक्षा बैठक, संगठन सृजन अभियान पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही



कांग्रेस कमेटी द्वारा निर्देश संगठन सृजन अभियान अंतर्गत भांठागांव आर मंडल कांग्रेस अध्यक्ष सलीम खान के नेतृत्व में मंडल कांग्रेस का समीक्षा बैठक भांठागांव आर में किया गया।

जिसमे सभी सेक्टर प्रभारी अपने प्रभार क्षेत्र के सभी बुथ में 12 सदस्यीय बूथ कांग्रेस कमेटी, पंचायत कांग्रेस कमेटी एवं बीएलए 2 की नियुक्ति सर्वसम्मति से गठन की जानकारी दिया गया। बैठक में गुण्डरदेही विधायक कुंवर सिंह निषाद ने गुण्डरदेही ब्लाक कांग्रेस की सक्रियता पर जोर डालते हुए कार्यकर्ताओ में जोश भरा। ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष कचरू साहू ने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं का स्वागत कर संगठन सृजन कार्यक्रम में अपनी सक्रियता बनाए रखने की बात कही इस दौरान नरेंद्र साहू जरवाय को पुनः कांग्रेस परिवार में शामिल किया गया। ये रहे उपस्थित इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सोनादेवी देशलहरा, संजय साहू, तामेश्वर देशमुख, द्रौपती साहू, दुलार सिंग नौरंगे, पारस ठाकुर, यमुना बांधे, कार्यकारिणी सदस्य फत्तेलाल निर्मलकर, ओटेबन्द मंडल अध्यक्ष मानसिंग देशलहरा, सेक्टर प्रभारी बलराम अंगारे, शिवकुमार साहू, लवकेश यदु, पूर्व जनपद सदस्य राधेश्याम चेलके, द्वारिका यदु, रवि तिवारी, लक्ष्मी निषाद मंडल महिला कांग्रेस भांठागांव, आशीष साहू, डॉ प्रदीप साहू, प्रेमप्रकाश साहू, रूपेश्वर यादव, बसंत चंद्राकर, धनंजय कुमार, देवशरण, सुनील चंद्राकर, संतराम साहू, जनक साहू, संतोष नगरिमा, सेवा राम, लेगेश्वर , बिहारीलाल नागवंशी सहित क्षेत्र के कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## भिलाई इस्पात संयंत्र में ट्रैफिक से बढ़ रही दोतरफा परेशानी और लोको में भी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र में ट्रैफिक की बढ़ती समस्या से दोतरफा परेशानी हो रही है। कई सड़कों के जर्जर होने और लोको संबंधी समस्या से कर्मचारियों को दिक्कतें हो रही हैं। यूनियनों ने प्रबंधन से जल्द समस्या के निदान की मांग की है।

संयंत्र के अंदर कई विभागों और यार्ड की सड़कें जर्जर हैं जिनका संधारण नही किया गया है। वहीं ओवरलोड वाहनों से भी आवागमन दुर्घटनाजन्य और शिफ्ट के दौरान जाम के हालात बनते रहते हैं। बोरिया गेट में ओवरलोड गाड़ियों से मेनगेट व दोनों ओर सड़क पर जाम लगता रहता है। सीटू यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसपी के महाप्रबंधक प्रभारी (ट्रैफिक विभाग) गोपीनाथ मल्लिक से मिलकर बताया कि पीपी यार्ड जाने वाली सड़क जर्जर होने से कर्मियों को वाहन चलाने में दिक्कत हो रही है। सड़क के डामरीकरण के साथ प्रकाश व्यवस्था को को भी दुरुस्त किया जाए। महाप्रबंधक ने आश्वस्त किया कि मई के महीने में इस रोड का निर्माण कार्य शुरू होगा। सिविल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट को इस बारे में कह दिया गया है । इसके अलावा पीपी यार्ड, बीआरएम के पीछे और जोरातराई रोड में भी गड्ढों से परेशानी है।

### सीईडी में अधूरा काम

सीईडी में कई काम अधूरे होने से विभागीय कर्मचारियों को परेशानी हो रही है। लोको डिपो के पास बने नए टॉयलेट यूरिनल की समस्या है। अधिकारियों ने निर्माण के समय उसे दुरुस्त करने कहा था लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। महाप्रबंधक ने जल्द निदान का आश्वासन दिया। यूनियन ने संयंत्र में अब तक जिन रेस्टरुम और कैंटीनों में कूलर व एसी नहीं लगाए गए हैं, जल्द व्यवस्था की मांग की।

## चोरी के पैसों से खरीदी स्कूटी और बाइक 8.22 लाख के सामान के साथ तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



- अमलेश्वर थाना क्षेत्र का मामला

मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दुर्गानगर नेश्वर अमलेश्वर निवासी खिलेश दास मानिकपुरी, रायपुरा डी.डी. नगर भुनेश्वर उर्फ नानू यादव, कृष्णा नगर डंगनिया रायपुर तुलेश्वर सोनकर उर्फ टिल्लू को पकड़ा गया है। घटना का मुख्य आरोपी खिलेश दास मानिकपुरी अपने दोस्त भुनेश्वर के साथ मिलकर मकान में चोरी करना स्वीकार किया। जेवरातों को तीसरे आरोपी तुलेश्वर सोनकर को बेचना बताया है। चोरी के रकम से बाइक, स्कूटी को खरीदने में लगाया। आरोपियों के निशानदेही पर पुलिस ने सोने-चांदी के जेवरात, नगदी, मोबाइल फोन, चोरी की रकम समेत वाहन को जब्त किया है। आरोपियों से 54 ग्राम 6.48 लाख, चांदी 513 ग्राम 2.58 लाख, नगदी 6,480, स्कूटी सीजी 04क्यूव्ही 3484 1 लाख रुपये, बाइक सीजी 07 एल 8246 कीमत 10 हजार रुपये और मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

## जेआरडी स्कूल से 130 परीक्षा केंद्रों के लिए बांटे गए प्रश्नपत्र

# रद्द बारहवीं का हिन्दी पेपर थानों के स्ट्रॉन्ग रूम में कैद, 10 अप्रैल को दोबारा देंगे 9967 विद्यार्थी परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

पेपर लीक होने की वजह से सीजी बोर्ड बारहवीं का हिन्दी विषय का पेपर 10 अप्रैल को होगा। बुधवार को जेआरडी स्कूल दुर्ग से इस विषय का प्रश्नपत्र केंद्राध्यक्षों को बांटे गए। सीलबंद प्रश्नपत्र की पेटियां विभिन्न रूटों पर बसों के माध्यम से रवाना किया गया। ये पेटियां संबंधित थाने के स्ट्रांग रूम में रखवाई गई है। जिस दिन परीक्षा होगी उस दिन यह परीक्षा केंद्रों में लाई जाएगी। परीक्षा सुबह 9

### जिले के 130 केंद्रों में 9967 विद्यार्थी देंगे दोबारा परीक्षा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने दुर्ग जिले में 130 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। इन परीक्षा केंद्रों में 9 हजार 967 विद्यार्थी हिन्दी विषय की परीक्षा दोबारा देंगे। पेपर लीक होने की वजह से इस परीक्षा के लिए मंडल हो दोबारा प्रश्नपत्र छपवाने पड़े हैं। इसी तरह परीक्षा आयोजित करने के लिए जिला शिक्षा विभाग को दोबारा मशक्कत करनी पड़ी। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने प्रश्नपत्र वितरण के दौरान गोपनीयता बनी रहे इसकी स्वयं मानिटरिंग करने पूरे समय मौजूद रहे। बोर्ड से भी अधिकारी यहां पहुंचे थे।



### इन रूटों पर बसों से रवाना होंगे प्रश्नपत्र

जिला शिक्षा विभाग ने दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लॉक के परीक्षा केंद्रों के हिसाब से बसों की व्यवस्था की थी। तीनों रूटों पर बसों में डालकर प्रश्नपत्र की पेटियां रवाना की गई। इस बार सुरक्षा के लिए बसों में गार्ड भी मौजूद रहे। केंद्राध्यक्षों ने स्वयं प्रश्नपत्रों से भरी पेटियां उठाई और बसों तक पहुंचाई। बारहवीं के अन्य विषयों की परीक्षा हो गई है और उनकी उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी पूरा कर लिया गया है।

## उर्वरक वितरण में अनियमितता, जिले के चार विक्रेताओं पर कृषि विभाग की कार्रवाई

बालोद। जिला के चार उर्वरक विक्रेताओं के खिलाफ कृशि विभाग ने उर्वरक यूरिया के भण्डारण एवं वितरण में प्रथम दृष्टया अनियमितता पाए जाने पर कार्यवाही की गई है।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के कृषि केन्द्रों में भौतिक सत्यापन के दौरान अनियमितता पाए जाने पर निरंतर कार्रवाई की जा रही है। कृषि विभाग के उप संचालक आशीष चन्द्राकर ने बताया कि जिले के उर्वरक विक्रय केन्द्रो में 16 मार्च से 29 मार्च तक उर्वरकों का गत वर्ष की तुलना में उर्वरक यूरिया का अधिक उठाव होने पर उर्वरकों के अतिरिक्त उठाव के संबंध मे उर्वरक निरीक्षकों के द्वारा भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। भौतिक सत्यापन के दौरान सार्वा सेवा कृषि केन्द्र बेलौदी, गांधी हार्डवेयर एवं कृषि केन्द्र गुण्डरदेही, राठी रासायनिक खाद भण्डार अरमरीकला एवं गांधी कृषि केन्द्र अरमरीकला में उर्वरक यूरिया के भण्डारण एवं वितरण में अनियमितता पाया गया।

संबंधितों को उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुए उर्वरक स्टाक को जप्ती, सुपुर्दगी एवं कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में उर्वरक यूरिया का उठाव करने वाले कृषकों शत प्रतिशत सत्यापन होने तक यह कार्य जारी रहेगा। जिले के उर्वरक विक्रय केन्द्रों में उर्वरकों के भण्डारण एवं वितरण में किसी भी प्रकार से अनियमितता पाये जाने संबंधित उर्वरक विक्रेता के विरूध्द उर्वरक (नियंत्रण) आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत कठोर एवं दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### देवरी द में कबीर सत्संग का आयोजन

**गुण्डरदेही।** देवरी द में मंगलवार को कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से समाजसेवी जसवंत सिन्हा व दमाखेड़ा के छोटी माता साहिबा उपस्थित रहे। इस अवसर पर छोटी माता साहिबा ने सत्संग के दौरान संत कबीर दास जी के विचारों और उनके बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कबीर साहब के दोहे और शिक्षाएं आज भी समाज को सत्य, अहिंसा और भाईचारे की राह दिखाती हैं। जसवंत सिन्हा ने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को सही दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने आयोजन समिति की सराहना करते हुए आयोजन समिति को बधाई दी। कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे श्रंदालु गण उपस्थित रहे।

## निधन

### विजय बहादुर सिंह



**दल्लीराजहरा।** भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) के पूर्व कर्मचारी एवं जाने-माने पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी विजय बहादुर सिंह का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन की खबर से नगर में शोक की लहर फैल गई है। उनका अंतिम संस्कार चिखलाकसा मुक्तिधाम में विधि-विधान के साथ किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, मित्र एवं नगरवासी उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से न केवल परिवार, बल्कि पूरे शहर ने एक सरल, सज्जन और खेलप्रेमी व्यक्तित्व को खो दिया है।

## पेज 9 का शेष

### हरिभूमि की खबर ...

भी प्रकार की समस्या से निपटने के लिए सतत निगरानी का आश्वासन दिया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी ने कहा कि शहरवासियों को स्वच्छ और सुलभ पेयजल उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि गर्मी के दौरान किसी भी सार्वजनिक स्थल पर पेयजल की कमी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी वाटर एटीएम एवं पेयजल व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि सार्वजनिक सुविधाओं का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें ताकि सभी को इसका लाभ मिल सके।

**सर्वेक्षण : पाण्डुलिपियों की पहचान और दस्तावेजीकरण पर विशेष जोर**

# ज्ञान भारतम पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान की शुरूआत में जिला स्तरीय समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

संस्कृति मंत्रलय भारत सरकार के निर्देशानुसार बालोद जिले में ज्ञान भारतम् पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्यवन का कार्य प्रारंभ हो गया है। बालोद जिले में इसका सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुरातत्व समिति का भी गठन किया गया। इसके साथ ही पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के कार्यों का सफल क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर, जिला शिक्षा अधिकारी मधुलिका तिवारी, सहायक अधीक्षक भूपेन्द्र तांडेकर एवं शासकीय नवीन कॉलेज घोटिया के सहायक प्राध्यापक दीपक मेश्राम को समिति का सदस्य बनाया गया है।

■ ज्ञान भारतम मोबाइल एप के माध्यम से होगा सर्वे कार्य

कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से जिले में पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान के सफल क्रियान्वयन के साथ–साथ पाण्डुलिपियों की पहचान एवं दस्तावेजी गतिविधियां संचालित की जाएगी। कलेक्टर एवं समिति के अध्यक्ष दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार सीईओ जिला पंचायत एवं समिति के नोडल अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने आज अपने कक्ष में जिला स्तरीय समिति के सदस्यों एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में पाण्डुलिपियों के सर्वेक्षण अभियान का सफल क्रियान्वयन तथा पाण्डुलिपियों की पहचान एवं दस्तोवजीकरण गतिविधियों को संपादित करने हेतु तैयार की गई रणनीति के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं नोडल अधिकारी सुनील चंद्रवंशी ने कहा कि संस्कृति मंत्रलय भारत सरकार की पहल पर प्रारंभ ज्ञान भारतम् पाण्डुलिपि सर्वेक्षण अभियान भारत के अमूल्य पाण्डुलिपि विरासत के संरक्षण, संवर्धन और दस्तावेजीकरण के लिए प्रारंभ की गई एक राष्ट्रीय पहल है। उन्होंने कहा कि इन पाण्डुलिपियों में हमारी सभ्यता का ज्ञान, परंपरा, विज्ञान, दर्शन और सांस्कृतिक स्मृतियां सुरक्षित है। जिन्हें आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। इस अभियान के अंतर्गत ताड़ पत्र, दुर्लभ हस्तलिखित ग्रंभ, पाण्डुलिपियों तथा अन्य प्राचीन दस्तावेजों का चिन्हांकन एवं सूचीकरण किया जा रहा है। चंद्रवंशी ने बताया कि नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रें में पाडुलिपियों की पहचान एवं दस्तावेजीकरण के लिए सर्वेयर नियुक्त किए जाएंगे। इसके अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रें के लिए ग्राम पंचायत सचिवों एवं शहरी क्षेत्रें के लिए वार्ड मुहर्रिरों को सर्वेयर नियुक्त किया गया है। सर्वे का संपूर्ण कार्य ज्ञान भारतम् मोबाईल एप्प के माध्यम से किया जाएगा। इसके साथ ही इस अभियान से आम नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने गतिविधियां भी आयोजित की जाएगी। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को आज ज्ञान भारतम् मोबाईल एप्प के माध्यम से पाण्डुलिपियों सर्वेक्षण अभियान के क्रियान्वयन के संबंध में प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इस दौरान पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से ज्ञान भारतम्-मोबाईल एप्प के माध्यम से सर्वेक्षण कार्य के विभिन्न प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।





बैठक में बताया गया कि विद्यालयों एवं महाविद्यालयों, शासकीय पुस्तकालयों, संग्रहालयों, शिक्षण एवं शोध संस्थानों, संस्कृत पाठ शालाएं, मठ, मंदिर, आश्रम, गुरूकुल एवं जिले में स्थित ट्रस्टों के अलावा संग्रह कर्ताओं, पुरोहितों, धर्माचार्यों, ज्योतिषाचार्यों, आयुर्वेदाचार्यों के साथ संस्कृत विद्वानों के पास भी पाण्डुलिपि की संग्रह होने की संभावना है। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सर्वेक्षण कार्य को निर्धारित समयावधि में सफलतापूर्वक संपन्न करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सर्वेक्षण का कार्य संग्रहकर्ता एवं जिम्मेदार प्रभारी अधिकारी के सहमति से किया जाएगा।

# केंवट नवागांव-गोडमर्रा क्षेत्र की सड़कें जर्जर, ग्रामीणों में आक्रोश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले केवट नवागांव, गोडमर्रा सहित आसपास के कई गांवों की सड़कें बदहाल स्थिति में पहुंच गई हैं। हालत इतने खराब हो चुके हैं कि कई मार्गों पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण ग्रामीणों में भारी नाराजगी देखी जा रही है और किसी बड़े हादसे की आशंका लगातार बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार क्षेत्र के प्रमुख मार्ग केवट नवागांव से फरदफोड़, रीवागहन से गणेश खपरी, देवरी से खपराभाट, खैरा से गहिरानवागांव, राघोनवागांव मार्ग तथा गहिरानवागांव से रीवागहन तक पूरी तरह खराब हो चुके हैं।

■ हादसे की आशंका बढ़ी, जल्द निर्माण की मांग

इन सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे और उखड़ी सतह के कारण आवागमन बेहद कठिन हो गया है। गोडमर्रा के ग्रामीण जीवनंदन पिपरिया, लक्ष्मण महतेल, सरपंच पुनीत राणा, पूर्व सरपंच नरेंद्र वर्मा, हनुमान देशमुख, हरिनारायण देशमुख, यादराम साहू, भागवत नायक, अशोक यादव, हृदय राम साहू, गोवर्धन देशमुख, गजानंद देशमुख और बोधी यादव सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया है कि पूर्व में कांग्रेस सरकार के दौरान भी ग्रामीण विकास और अधोसंरचना पर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया। वहीं वर्तमान भाजपा शासनकाल में कुछ कार्य प्रारंभ हुए हैं, लेकिन उनके श्रेय को लेकर राजनीति हो रही है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि केवट नवागांव से फरदफोड़ मार्ग के निर्माण के लिए 22 सितंबर 2023 को 9 करोड़ 91 लाख 40 हजार रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है, इसके बावजूद आज तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाया है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह परियोजना राजनीतिक खींचतान के चलते अटकी हुई है।

क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से शीघ्र सड़क मरम्मत और निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं से बचाव हो सके।

# गुरूर और डौण्डीलोहारा के राजस्व पखवाड़ा शिविरों में मौके पर समस्याओं का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन के निर्देशानुसार संपूर्ण बालोद जिले के सांथ राजस्व अनुविभाग गुरूर एवं डौण्डीलोहारा के राजस्व ग्रामों में भी नियमित रूप से राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान शिविरों में आम नागरिकों के नामांतरण, बंटवारा, नक्शा सुधार, त्रुटि सुधार, आय, जाति, निवास एवं अन्य राजस्व प्रकरणो से संबधित आवेदन स्वीकार किये जा रहे है तथा पात्र प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है।



उल्लेखनीय है कि राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत तीन महिनों में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026, 04 मई से 18 मई 2026 तथा 01 जून से 15 जून 2026 तक शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों की सूचना संबंधित ग्रामों में मुनादी एवं अन्य माध्यमो से पूर्व में दी जाएगी, जिससे अधिक से अधिक ग्रामीण जन शिविर का लाभ उठा सकें। राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों द्वारा समस्त नागरिको से अपील की गई कि वे अपने लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु निर्धारित तिथियों में आयोजित शिविरो में उपस्थित होकर शासन की इस जन हितकारी पहल की लाभ उठाए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गुरूर रामकुमार सोनकर ने बताया कि आम नागरिकों को शिविर आयोजन की सूचना मुनादी एवं अन्य माध्यमों से नियमित रूप से दी जा रही है। इसी तरह अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल ने बताया कि डौण्डीलोहारा अनुविभाग में राजस्व पखवाड़ा का सफल आयोजन सुनिश्चित करने हेतु उनके साथ–साथ तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा नियमित रूप से शिविरों का विजिट कर शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

# गांव चलो-बस्ती चलो अभियान में कार्यकर्ताओं का छलका उत्साह, घर-घर पहुंच रही भाजपा


हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री एवं भाजपा स्थापना दिवस के प्रदेश संयोजक यशवंत जैन ने बताया है कि गांव चलो–बस्ती चलो अभियान के तहत कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यकर्ता सहित भाजपा के सभी पदाधिकारी 50 चयनित गांव में पहुंचकर लगातार लोगों से सीधा सम्पर्क कर रहे हैं, साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के लाभार्थियों से भी मिलकर उनका सम्मान कर रहे हैं।

■ 50 चयनित गांवों में जनसंपर्क कर रहे भाजपा पदाधिकारी

भाजपा प्रदेश महामंत्री जैन ने कहा कि भाजपा निर्धारित कार्यक्रम के तहत 7 अप्रैल से लेकर 12 अप्रैल तक यह अभियान चला रही है। 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस से यह कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जैन ने बताया कि केन्द्रीय नेतृत्व के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान के तहत मंत्री, सांसद और विधायक अपने–अपने क्षेत्रें के गांवों और बस्तियों में जाएंगे। पार्टी के सभी जन प्रतिनिधि सक्रिय रूप से इस अभियान में शामिल हो रहे हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी इस अभियान के तहत गांव–गांव जाकर जनता से मुलाकात करेंगे और सरकार की योजनाओं एवं नीतियों को समझाएंगे।

■ सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभार्थियों का किया जा रहा सम्मान



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव अपने विधानसभा क्षेत्र के गाँवों की बस्तियों में पहुंचकर लोगों से लगातार सम्पर्क कर रहे है, साथ ही केन्द्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ को बता रहे हैं। प्रदेश के वन एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप भी लगातार नारायणपुर जिले में अभियान के तहत गांव–गांव पहुँचकर लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। साथ ही प्रदेश के सभी पदाधिकारी, जिलों के पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि भी लगातार गांव–गांव पहुँच कर लोगों से मिल रहे है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं कार्यक्रम के प्रदेश प्रभारी श्री जैन ने कहा कि गांव चलो–बस्ती चलो अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि लोगों से सीधे बातचीत करेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों की जानकारी घर–घर तक पहुंचाएंगे। इस अभियान से न केवल जनता से जुड़ाव मजबूत होगा, बल्कि संगठन को भी जमीनी स्तर पर नई ऊर्जा मिलेगी। इस अभियान से भारतीय जनता पार्टी एवं सरकार से लोगों का भरोसा और मजबूत हो रहा है।

# देवरी द में दो दिनी सत्संग समारोह में हजारों श्रद्धालुओं ने संत कबीर दर्शन का लिया लाभ

## भजन-कीर्तन और गुरु महिमा पाठ से भक्तिमय हुआ वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम

विकासखंड गुण्डरदेही के ग्राम देवरी द बड़े पारा में समस्त ग्रामवासी एवं सत्संग समिति व अमीन माता सत्संग समिति देवरी द के तत्वाधान दो दिवसीय संतसंग समारोह सम्पन्न हुआ। जिसमें हरिदास साहेब बांधवगढ़ द्वारा सुबह गुरु महिमा का पाठ एवं पहुंचे संतो द्वारा भजन कीर्तन, कबीर साहेब के उपदेशों से युक्त इस आध्यात्मिक वातावरण में पहुंचे सत्संगियों को मां की शांति सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक संतोष प्रदान हुआ।

वही 7 अप्रैल मंगलवार को दोपहर पहुंचते ही अमीन माता स्वरूपा गुरु माता सुलक्षणा देवी साहिब कबीर धर्म नगरी आश्रम दामाखेड़ा से ग्राम देवरी द में पहुंचते ही पारंपरिक यादव समाज ने दोहा कबीर के सखी वही 1008 महिलाओं ने कलश यात्रा व युवाओं ने बाइक रैली के साथ कबीर साहेब के जय घोष करते हुए सत्संग स्थल तक भव्य स्वागत किया।

जिसमें पहुंचे माता श्री देवी साहिबा ने निशान पूजा, ध्वजारोहण कर दीप प्रज्वलित कर आयोजन का शुभारम्भ किया, पूरे सत्संग स्थल में साहेब बंदगी सकल हंस को साहेब से गूंज गूंज उठा माता साहिब के श्री मुख से श्रद्धालुओं को सदगुरु कबीर साहेब की दिव्य संदेश का रसपान करने का सौभाग्य प्राप्त हजारों सत्संगियों को हुआ।





जिसमें देवी सुलक्षणा साहिबा ने कहा कि हमारे जीवन में अहंकार की सबसे बड़ा दुखों का कारण है, माया जाल में जीव मकड़ी की तरह फंसकर अपने ही लोभ, द्वेष, स्वार्थ, ईर्ष्या, झूठ के फेर मर जाता है, ये शरीर तो नश्वर है, जिस तरह माली बाग में जाकर कलियों को तोड़ देता है, उसी प्रकार ये जीव भी इस संसार में भटक अततः विलाप करता है, समय रहते माया की निद्रा से जागे, कबीर साहेब बंदी छोर की शरण में आकर सदगुरु का नाम, कीर्तन करे, क्योंकि सदगुरु कबीर साहेब पारस पत्थर की तरह है, जो जीव के जीवन में आते ही कंचन की मोल बढ़ जाता है, करुणा के बिना जीवन व्यर्थ है, भूखे को भोजन दो दिन दुखियों की सहायता करें, सत्संग करे तो जीवन साहेब की कृपा जरूर मिलेगी, यदि समाज कबीर साहब के बताएं मार्ग पर में चले, तो मानव का मन शीतल होगा और समाज में शांति एवं सद्भाव का वातावरण स्थापित होगा। वही देर रात तक सात्विक यज्ञ चौका आरती कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की मंगल कामना की गई, इस आयोजन में, पेयजल, भोजन भंडारा सहित सत्संगीयों पूरी सुरक्षा व सुविधा रही।

### ये रहे उपस्थित

वही इस भव्य आयोजन में प्रदेश के पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेंद्र साहू, जिला भाजपा उपाध्यक्ष बालोद पवन सोनवर्षा, सहित जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, मीणा उमाशंकर साहू, ग्राम पंचायत सरपंचदेवरी द दीपिका बीसे लाल ठाकुर, जनपद सदस्य नेम बाई चुम्मन साहू, उप सरपंच चीरचार चूकेश्वर साहू, आयोजन समिति के सदस्य हिंछा राम, चुम्मन साहू, उप सरपंच खेलन दास साहू, गणेश राम, कृष्णा दास, मनहरण दास, पोषण दास, भाव दास सहित अमीन माता की महिला मंडली देवरी द सहित अन्य गांवों की मंडली में जुटी रही, गौर हो कि इस आयोजन में लगभग दस हजार लोग पहुंचे रहे, वही आयोजनक समिति से अमोली दास सभी का आभार व्यक्त किया।

# चना ग्रेडिंग में राशि वसूली का आरोप, किसानों ने विधायक से की शिकायत

हरिभूमि नप्यूज ▶▶| गुरूर

चना विक्रय के लिए ग्रेडिग के लिए राशि लेने का मामला विधायक द्वारा सार्वजनिक मंच से उठाने के बाद भी शिकायत खत्म होने के स्थान पर बढ़ता जा रहा है। बुधवार को आधा दर्जन किसानो ने विधायक से मिलकर चना ग्रेडिग के लिए राशि लेने की फिर शिकायत की।

■ आधा दर्जन किसानों ने विधायक से की शिकायत

विकासखण्ड में चना उत्पादक किसानो से चना खरीदी का कार्य पांच स्थानो में किया जा रहा है। पांचो स्थानो में ही चना ग्रेडिंग के नाम पर राशि लेने की शिकायते है। मामले को विधायक संगीता सिन्हा ने ग्राम अरमरीकला में आयोजित जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर में सार्वजनिक रूप से मंच से उठाया था। संगीता सिन्हा ने मंच से स्पष्ट आरोप लगाया कि चना विक्रय के लिए किसानो को राशि देनी पड़ रही है। उस दौरान मंच में जिला के आला अधिकारी एवं भाजपा के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। बताते है कि मामले में अब भी स्थिति वैसी ही है, चना विक्रय के लिए मध्यप्रदेश से पहुंचे ग्रेडर पर राशि लेने का आरोप लग रहा है। मामले में समिति की संलिप्तता की आशंका भी व्यक्त की जा रही है, लेकिन बुधवार को समितियो मे चना खरीदी के ग्रेंडिग के दौरान देखा गया कि ग्रेडिंग के दौरान ग्रेडरो की मनमानी चल रही है। ग्रेडर ही चना में विभिन्न खामियां बताकर चना को अमानक बताकर खरीदी से इंकार कर रहे है एवं कुछ समय बाद उसी अचानक चना को खरीद लिया जाता है।



बुधवार को विधायक संगीता सिन्हा से शिकायत करने बासीन, सनौद, फागुनदाह क्षेत्र के आधा दर्जन किसान पहुंचे थे। उन्होने बताया कि चना विक्रय की मात्र के अनुसार न्यूनतम पांच सौ व अधिकतम् दो हजार तक की राशि किसानो से वसुली जा रही है। पलारी समिति प्रबंधक चन्द्रशेखर ने कहा कि ग्रेंडिंग हम लोग नही करते। बाहर से आए ग्रेडर ही ग्रेडिग करते है, हमारे पास ऐसी कोई शिकायत किसानो ने नही की है। फागुनदाह समिति प्रबंधक राजे"वर राव ने कहा हमारे पास अब तक किसी भी किसान ने शिकायत नही की है।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा भाजपा सरकार में किसान लगातार शोशण का शिकार हो रहा है। किसान पहले खाद के लिए भटका, धान विक्रय में भी किसानो को बहुत परेशानी हो रही है। नाम मात्र की चना खरीदी कर भाजपा सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है, जबकि समितियो मे पंजीकृत किसानो की संख्या अधिक है। चना विक्रय का उनका समय कब आएगा इसकी जानकारी के लिए किसान रोज अपना काम छोड़कर समिति का चक्कर लगा रहे है। यह सरकार हर क्षेत्र में विफल साबित हो रही है।

ग्रेडर हेमंत झा एवं ऋशभ शर्मा ने कहा हम आज पहली बार ग्रेडिंग करने आए है, इससे पहले दूसरे ग्रेडर ग्रेडिंग के लिए आता था। ग्रेडिंग के लिए राशि नही ली जा रही है। शासन द्वारा निर्धारित मापदण्डो के अनुरूप ही खरीदी की जा रही है।



# एक जिला एक उत्पाद योजना से बदली किसान की तकदीर, अदरक की खेती से बढ़ी आय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शासन की एक जिला एक उत्पाद योजना से धरातल पर किसानों की तकदीर बदलने लगी है। बालोद जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम बघमरा के एक युवा और प्रगतिशील किसान आकाश चंद्राकर ने इस योजना का लाभ उठाकर खेती में सफलता की एक नई इबारत लिखी है। पारंपरिक फसलों को छोड़कर अदरक की खेती की ओर कदम बढ़ाना उनके लिए बेहद लाभकारी सिद्ध हुआ है।

आकाश चंद्राकर ने शासन की योजना से प्रेरित होकर अपने खेत के लगभग ढाई एकड़ हिस्से में अदरक की फसल लगाई थी। बेहतर प्रबंधन और उन्नत कृषि पद्धतियों के कारण उन्हें न केवल शानदार उत्पादन प्राप्त हुआ, बल्कि बाजार में भी अच्छी मांग मिलने से उनकी आमदनी में जबरदस्त इजाफा हुआ है। खेती की लागत को कम करने और किसानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ शासन उद्यानिकी विभाग द्वारा आकाश को राज्य पोषित मसाला क्षेत्र विस्तार के तहत अदरक की खेती के लिए लगभग 49 हजार रुपये का अनुदान भी प्रदान किया गया। इस वित्तीय सहायता ने उन्हें आधुनिक खेती के संसाधनों को जुटाने और फसल की गुणवत्ता सुधारने में बड़ी मदद की। किसान आकाश चंद्राकर ने बताया कि अदरक की खेती मेरे लिए समृद्धि का द्वार लेकर आई है। शासन से मिले 49 हजार के अनुदान ने मेरा हौसला बढ़ाया, जिससे आज मैं एक सफल फसल लेने में कामयाब रहा हूं।

## शासन की 49 हजार की सहायता बनी सहारा



### अब अदरक उत्पादन के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा

एक जिला एक उत्पाद के तहत अदरक का चयन होने से जिले के अन्य किसान भी अब इस नकदी फसल की ओर आकर्षित हो रहे हैं। पारंपरिक फसलों की तुलना में अदरक से प्राप्त शुद्ध लाभ ने किसान की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ किया है। इसके लिए जिला प्रशासन बालोद एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा दी जा रही सब्सिडी और मार्गदर्शन से खेती अब घाटे का सौदा नहीं रही। अपने फसल के उत्पादन से उत्साहित आकाश चंद्राकर ने केंद्र और राज्य सरकार की किसान हितैषी नीतियों की मुक्त कंठ से सराहना की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि शासन की इस पहल से बालोद जिला अब अदरक उत्पादन के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा।



## खबर संक्षेप



### गोड़ समाज भाठागांव आर परिक्षेत्र के अध्यक्ष बने दुलार सिंह

**बालोद/कलंगपुर।** आदिवासी धुरव गोड़ समाज पाटनराज अंतर्गत भाठागांव आर परिक्षेत्र से ग्राम अचौद निवासी दुलारसिंह मंडावी को अध्यक्ष चुना गया। साथ ही पूर्व अध्यक्ष डीएल धुर्वे को उनके कार्यकाल पूर्ण होने पर उन्हें समाज के लोगों ने सम्मानित करते हुए विदाई दी एवं नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत कर शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के सानिध्य में पाटनराज अध्यक्ष संतलाल कोड़प्पा, धौराभाठा अध्यक्ष रामसुमेर छेदैया एवं उमाशंकर नेताम उपाध्यक्ष पाटनराज व शैलैन्द्री मंडावी उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए उद्बोधन में समाज को प्रगतिशील बनाने व समाज की एकजुटता एवं नशा मुक्त समाज बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष दुलार मंडावी ने शपथ लेते हुए कहा कि वे हमेशा समाज के हित एवं समाज को आगे बढ़ाने व हमेशा प्रगतिशील बनाने की बात कही।

### आपदा में मृतक के परिजन आर्थिक सहायता स्वीकृत

**बालोद।** अपर कलेक्टर ने आदेश जारी कर राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 06 क्रमांक 04 के तहत जिले में प्राकृतिक आपदा नैसर्गिक विपत्तियों के कारण जिले के मृत व्यक्ति के परिवार (निकटतम वारिस) को आर्थिक सहायता अनुदान दिए जाने के प्रावधानों अनुसार 04 लाख रूपए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। अपर कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदार को निर्देशित किया है कि वे स्वीकृत राशि का आहरण एवं भुगतान मृतकों के निकटतम वारिस को करने के निर्देश दिए हैं। जारी आदेश में गुरूर तहसील के मृतक बिसेसर राम सेवता की पत्नी परमुनी ग्राम भूलनडबरी को 04 लाख रूपये स्वीकृत किया गया है।

### एग्रीस्टेक के तहत किसानों का पंजीयन शुरू

**बालोद।** भारत सरकार द्वारा किसानों का किसान आईडी कार्ड बनाने हेतु एग्रीस्टेक के अंतर्गत किसान पंजीयन का कार्य किया जा रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने हेतु किसानों को किसान आईडी बनाना अनिवार्य है। कृषि विभाग के उप संचालक ने बताया कि किसान आईडी के माध्यम से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, विभिन्न कृषि अनुदान, सेवा सहकारी समितियों में कृषि ऋण रासयनिक उर्वरक जैसी महत्वपूर्ण सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा, किसान अपना डिजिटल किसान आईडी बनवाने के लिए बी–1, आधार कार्ड, आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर लेकर लोक सेवा केन्द्र अथवासेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसान आई डी बना सकते है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की आगामी किश्त उन्हीं किसानों को प्राप्त होगा जिनका किसान आई डी बना है। उन्होंने जिले के किसानों से अपील कि है कि वे अपना डिजिटल किसान आईडी अति शीघ्र बनाए जिससे शासन की योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

## पखवाड़ा : गांव-गांव में लग रहे राजस्व शिविर, ग्रामीणों को मिल रही राहत

# राजस्व पखवाड़ा: 2261 आवेदनों में से 1517 प्रकरणों का मौके पर समाधान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

राज्य शासन द्वारा आम जनता के राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने हेतु प्रथम चरण के अंतर्गत 01 अप्रैल से बालोद जिले के विभिन्न पटवारी हल्के एवं ग्राम पंचायतों में आयोजित 'राजस्व पखवाड़ा' के दौरान आम जनता के राजस्व संबंधी समस्याओं का मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है।

■ नामांतरण, बटवारा सहित कई मामलों का मौके पर निराकरण

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत जिले में आयोजित शिविरों में आम जनता के राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने हेतु पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं। कलेक्टर मिश्रा के निर्देशानुसार जिला प्रशासन के आला अधिकारियों के द्वारा सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व अधिकारीगण शिविरों में पहुँचकर राजस्व पखवाड़ा के कार्यों का सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बालोद जिले में राजस्व पखवाड़ा के प्रथम चरण के अंतर्गत 01 अप्रैल से आज 07 अप्रैल तक आयोजित शिविरों में प्राप्त कुल 2261 आवेदनों में से 1517 आवेदनों का राजस्व विभाग के अमले द्वारा परीक्षण उपरांत त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि आज 07 अप्रैल को जिले के डौण्डीलोहारा तहसील के ग्राम पंचायत भंवरमरा, खैरकट्टा, कोड़ेकसा, चिल्हाटीकला तथा डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गुजरा, खैरवाही, अवारी, मरदेल, गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत कोटगांव, अर्जुनी टिकरी आदि ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में आम जनता से प्राप्त अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, नक्शा बटांकन, फौती नामांतरण, बटवारा, अभिलेख त्रुटिसुधार आदि से संबंधित राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया।

## ग्राम पंचायतों में जारी राजस्व पखवाड़ा, राजस्व प्रकरणों का मौके पर निराकरण




**बालोद।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार आम जनता की राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण हेतु जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में अलग–अलग तिथियों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन निरंतर जारी है। इसके अंतर्गत आज 08 अप्रैल को जिले के सभी विकासखण्डों के विभिन्न पंचायतों में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया गया। इस दौरान आम जनता से प्राप्त अविवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, व्यपवर्तन, वृक्ष कटाई, नक्शा बटांकन, फौती नामांतरण, बटवारा, अभिलेख त्रुटिसुधार आदि से संबंधित राजस्व प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण सुनिश्चित किया गया। राजस्व पखवाड़ा को लेकर आम नागरिकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

ग्रामीणों ने सुबह से ही अपने राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु ग्राम पंचायतों में आयोजित राजस्व पखवाड़ा शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया। जिले में आयोजित राजस्व पखवाड़ा के इसी अनुक्रम में गुरूवार 09 अप्रैल 2026 को बालोद तहसील के ग्राम पंचायत उमरादाह, जमरूवा एवं लिमोरा, डौण्डीलोहारा तहसील के ग्राम पंचायत सेम्हरडीह, बैहाकुआ, मंगचुवा, कमकापार, अरजपुरी, चिखली, पिंगाल, डौण्डी तहसील के ग्राम पंचायत सुवरबोड़, अर्जुंदा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत ओड़ारसकरी एवं कमरौद में राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 'राजस्व पखवाड़ा' अप्रैल से जून तक तीन चरणों में आयोजित किया जा रहा हैं जिसके अंतर्गत अप्रैल माह में 01 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026, मई माह में 04 मई से 18 मई 2026 तथा जून माह में 01 जून 2026 से 15 जून 2026 तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा।



## राजस्व पखवाड़ा के तहत तीन माह तक शिविर, ग्रामीणों से लाभ लेने की अपील



**गुरूर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राम कुमार सोनकर द्वारा जानकारी दी गई की राज्य शासन के निर्देशानुसार अनुभाग में सभी ग्राम पंचायतों में लगातार तीन माह तक राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है, समस्त ग्रामवासी इस शिविर में फौती नामांतरण, खाता विभाजन, त्रुटि सुधार आदि संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। आवेदन के विवादित या अविवादित होने पर यथा स्थिति नियमानुसार शीघ्र निराकरण किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत अप्रैल माह में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल, मई माह में 4 मई से 18 मई एवं जून माह में 1 जून से 15 जून की अवधि में सभी ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर की सूचना मुनादी के माध्यम से संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र में दी जाएगी, एसडीएम सोनकर ने सभी ग्राम वासियों से राजस्व पखवाड़ा का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

## 1296 हितग्राहियों को मिला जमीन का मालिकाना हक

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा आम जनता के राजस्व संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु आयोजित राजस्व पखवाड़ा के अंतर्गत शिविरों में बालोद जिले के हितग्राहियों को अधिकार अभिलेख का वितरण किया गया। उल्लेखनीय है कि सर्वे आदि निर्धारित प्रक्रिया को पूरा करने के उपरांत बालोद जिले में अब तक 12 गांवों के कुल 1296 हितग्राहियों को अधिकार अभिलेखों का वितरण किया जा चूका है। शासन की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' अंतर्गत अधिकार अभिलेख प्राप्त हो जाने से हितग्राहियों को अपने जमीन का मालिकाना हक प्राप्त हो गया है। ज्ञातव्य हो कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी 'स्वामित्व योजना' ग्रामीण क्षेत्रें में संपत्ति संबंधी विवादों को खत्म करने और ग्रामीणों को उनकी भूमि का मालिकाना हक दिलाने की महती योजना है। इसके अंतर्गत गांव की आबादी भूमि का सर्वेक्षण कर आबादी भूमि में स्थित घरों, मकान एवं बाड़ी का सर्वेक्षण कर अधिकार अभिलेख वितरण करना है। इसके साथ ही पंचायती राज मंत्रलय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग और राज्य राजस्व विभाग के संयुक्त प्रयासों से गांवों की आबादी भूमि का आधुनिक ड्रोन तकनीक के जरिए सर्वे किया जा रहा है। स्वामित्व योजना के तहत निर्धारित 669 ग्रामों में ड्रोन सर्वे का कार्य शत–प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। बालोद जिले में अब तक की स्थिति में अधिकार अभिलेख वितरण हेतु कुल 657 ग्राम पट्टा वितरण हेतु शेष रह गए है। जिला प्रशासन द्वारा 01 अप्रैल 2026 से 15 जून 2026 तक चलने वाले राजस्व पखवाड़े में 142 लक्षित गांवों के कुल 23,157 अधिकार अभिलेखों के वितरण का लक्ष्य रखा गया है।



# पिता की स्मृति में कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



विकासखंड मुख्यालय से लगे संकुल केंद्र भरदा लोहारा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बैहाकुआं में सुपुत्र प्रमोद चंद्राकर ने अपने पिता स्व. ओम प्रकाश चंद्राकर (पूर्व प्रधानपाठक, पूर्व माध्यमिक शाला नांहदा) एवं दादा स्व. सालिक राम चंद्राकर के जन्मदिवस के अवसर पर "न्योता भोज" का आयोजन किया। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती यमुना चंद्राकर एवं सुपुत्र प्रमोद चंद्राकर ने विद्यालय के बच्चों को स्नेहपूर्वक पौष्टिक भोजन कराकर अपने दिवंगत परिजनों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

उल्लेखनीय है कि "न्योता भोजन" छत्तीसगढ़ शासन की एक सराहनीय पहल है, जिसे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत समाज के लोग जन्मदिन, वर्षगांठ अथवा अन्य विशेष अवसरों पर शासकीय स्कूलों में बच्चों को पौष्टिक भोजन कराकर अपनी खुशियां साझा करते हैं। यह योजना मध्याह्न भोजन (एमडीएम) के तहत पूरी तरह स्वैच्छिक है, जिसका उद्देश्य बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के साथ ही समाज और स्कूल के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। कार्यक्रम के दौरान संकुल प्राचार्य उमेशचंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ व्याख्याता खोमन लाल साहू, संकुल समन्वयक अशोक टंडन, प्रधानपाठक रोमन लारेन्द्र, बुधनतींन पटेल सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया। इस प्रकार का आयोजन न केवल बच्चों को पोषण प्रदान करता है, बल्कि समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को भी मजबूत करता है।



## जल संचय जन भागीदारी अभियान 2.0 की प्रगति की समीक्षा की

**बालोद।** कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में मंगलवार 07 अप्रैल को विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की।

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को बालोद जिले में 31 मई तक अधिक से अधिक जल संरचनाओं का निर्माण कर जेएसजेबी पोर्टल में उसका शत प्रतिशत एंट्री करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने बारी–बारी से विभागवार निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगतिरत एवं पूर्ण जल संरचनाओं के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग, खाद्य, सहकारिता आदि विभागों के अधिकारियों के अलावा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारियों से अपने–अपने विभागों के अंतर्गत जल संरचनाओं के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर मिश्रा ने सभी अधिकारियों को इस कार्य को विशेष प्राथमिकता देते हुए निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए।

### कुम्हारी डिस्लरीज से तीन वाहन जब्त

**भिलाई।** कुम्हारी स्थित छत्तीसगढ़ डिस्लरीज प्राइवेट लिमिटेड से ईओडब्लू (आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरों) ने अवैध शराब परिवहन में इस्तेमाल किए जा रहे तीन वाहनों को जब्त किया है। जांच में सामने आया है कि वाहनों का उपयोग अवैध पार्ट-बी शराब को डिस्लरी से सीधे शासकीय शराब दुकानों तक पहुंचाने के लिए किया जा रहा था। ईओडब्लू की जांच में डिजिटल और भौतिक साक्ष्यों के आधार पर यह पुष्टि हुई है कि डिस्लरी मालिक अपने भरोसेमंद लोगों के माध्यम से छोटे ट्रांसपोर्टरों की वाहनों का इस्तेमाल कर अवैध शराब की सप्लाई करवा रहा था।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मरसा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

## कलश यात्रा से होगी मंगल शुरुआत

# 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम-अण्डा में 'गायत्री परिवार' के तत्वावधान में एक विशाल आध्यात्मिक महोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। इस भव्य आयोजन के तहत 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह' संपन्न होगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। आयोजन की गरिमा को बढ़ाते हुए एक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। पीले वस्त्रों में सजी मातृशक्ति सिर पर मंगल कलश धारण कर पूरे गांव का भ्रमण करेगी। शंखध्वनि और भक्ति गीतों के साथ निकलने वाली यह यात्रा पूरे अण्डा क्षेत्र को भक्तिमय कर देगी।



### विद्वान वक्ताओं का सानिध्य

इस ज्ञान यज्ञ में कथा वाचक प्रज्ञा पुत्र श्री सुरेश कुमार दीवान जी (गायत्री आश्रम चांदी, डोंगरगांव) अपनी ओजस्वी वाणी से शिव महापुराण की महिमा का बखान करेंगे। साथ ही, परायण कर्ता प्रज्ञा पुत्र नितेश कुमार वैष्णव जी (शांतिकुंज प्रतिनिधि) के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 5 कुंडीय यज्ञ संपन्न कराया जाएगा।

### मानव कल्याण का संकल्प

युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य और माता भगवती देवी शर्मा के विचारों के अनुरूप, इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण है। इस कार्यक्रम के माध्यम से समाज में बढ़ रही अशांति और कुरीतियों को दूर कर नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। आयोजक परदेशी राम सिन्हा, बिन्दा बाई सिन्हा। आयोजकों की अपील अण्डा और आसपास के समस्त धर्मप्रेमी जनता से अपील की गई है कि इस पुण्यमयी आयोजन में सपरिवार पधारकर कलश यात्रा और महायज्ञ का लाभ उठाएं और पुण्य के सहभागी बनें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
मात्र 15,500/-
09 दिन
EX-हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
ब्रेकफास्ट, डिनर, 25 सीटर टेम्पो ट्रैवलर, होटल, मैनेजर/ गाइड
20 अप्रैल, 06 मई, 09 मई, 13 मई, 18 मई, 08 जून, 17 जून 2026
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 15,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411